परिवार कल्याण कार्यक्रम

यह सर्वमान्य है कि विकास के उच्च स्तरीय मापदंड प्राप्त करने हेतु "जनसंख्या स्थिरीकरण" आज की महती आवश्यकता है। उच्च प्रजनन दर को नियंत्रित करने हेतु परिवार कल्याण को बढ़वा देने के लिए बन्ध्याकरण एक कारगर उपाय है। अतः इस कार्यक्रम के अन्तर्गत परिवार नियोजन ऑपरेशन की सुविधा सप्ताह में एक दिन सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध करायी गयी है। पुरूष नसबंदी में दिये जाने वाले क्षतिपूर्ति राशि को 500/-रू से बढ़ाकर 1100/- रू कर दिया गया है।

- परिवार नियोजन हेतु लोक निजी साझेदारी के तहत् नर्सिंग होम मे भी मुफ्त बन्ध्याकरण की सुविधा जिलों में उपलब्ध करायी गयी है। इस हेतु प्रति बंध्याकरण 1500/- रू0 की राशि निजी अस्पतालों को दी जा रही है। अब तक बिहार में परिवार नियोजन के कुल 151 निजी नर्सिंग होम को नामित किया जा चुका है।
- जनसंख्या स्थिरीकरण के महत्व को देखते हुये राज्य स्तर पर जनसंख्या पार्षद का गठन किया गया है। जिसकी पहली बैठक मुख्यमंत्रो की अध्यक्षता में दिनांक-06.08.09 को की गई है तथा इसके अन्तर्गत राज्य स्तर पर सभी विभागों के साथ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समन्वय समिति का गठन किया गया है। इसी प्रकार जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति का गठन किया गया है। जिससे कि जनसंख्या स्थिरीकरण के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सके।
- पिछले वर्षों की तुलना में 2009-10 में परिवार कल्याण ऑपरेशन की संख्या में कई गुणा वृद्वि हुई है। (2007-08 में परिवार कल्याण ऑपरेशन की संख्या 3 लाख 2 हजार। 2008-09 में परिवार कल्याण ऑपरेशन को संख्या 3 लाख 26 हजार 7 सौ 22।
- वित्तीय वर्ष 2009-10 के जनवरी माह तक परिवार कल्याण ऑपरेशन की संख्या कुल 2 लाख 79 हजार 5 सौ 50 परिवार नियोजन ऑपरेशन हुए हैं।
- परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत कॉपर-टी की उपयोगिता को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तर पर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षत किया गया है। इनके द्वारा जिला स्तर पर सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं ए0एन0एम0 को प्रशिक्षत किया जा रहा है।
- गर्भ जांच की सुविधा गाँव-गाँव में आशा कार्यकर्त्ताओं के द्वारा "हिन्दुस्तान लेटेक्स" के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है।
- सुरक्षित गर्भपात की सुविधा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक उपलब्ध करायी जा रही है। इस हेतु डॉक्टरों एवं नर्सों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- गर्भनिरोध के अस्थायी(गर्भनिरोधक की गाली, कांडम आदि की जानकारी) सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुफ्त उपलब्ध है।

परिवार कल्याण ऑपरेशन हेतु प्रोत्साहन राशि सरकारी अस्पतालों में:–

कार्यक्रम	कुल राशि	ऑपरेशन कारने वाले लाभार्थी	सर्जन	एनेस्थेटिस्ट	स्टाफ नर्स	ओ0टी0	दवाईयाँ / ड्रेसिंग	अल्पहार आदि	कैम्प प्रबंधन	प्रेरक
बंध्याकरण	1000	600	75	25	15	15	100	10	10	150
नसबंदी	1500	1100	100	—	15	15	15	10	10	200

निजी नर्सिंग होम के लिए

कार्यक्रम	निजी नर्सिंग होम के लिए	प्रेरक के लिए	कुल
बंध्याकरण	1350	150	1500
नसबंदी	1300	200	1500